तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

सफेदपोश के संरक्षण में कांकेर में चल रहा... 14



अभनपुर में परीक्षा परिणाम वितरण समारोह... 14



## खबर संक्षेप

### एनएमएमएसई परीक्षा में 516 छात्रों ने दी



**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय साधन-सह-प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएसई सत्र 2026-27 के अंतर्गत 2 मई को आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर विकासखंड दुर्गुकोदल में प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। विकासखंड दुर्गुकोंदल की नोडल अधिकारी एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष कुल 516 पंजीकृत छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के लिए दो केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

### चबेला में अवैध शराब पिलाने पर कार्रवाई

**कांकेर।** थाना भानुप्रतापपुर अंतर्गत 29 अप्रैल की शाम ग्राम चबेला पटेलपारा घर के सामने लोगों को महुआ शराब पिलाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी। मौके पर मौजूद लोग भाग गए, जबकि 40 वर्षीय निरंजन बघेल को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 100 एमएल महुआ शराब व दो डिस्पोजल गिलास बरामद हुए। आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36 (सी) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की गई, बाद में जमानत पर रिहा किया गया।

### एनआरएलएम में संविदा भर्ती के लिए सूची जारी

**कांकेर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर रिक्त विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदनों के सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया है। जिला पंचायत पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि यदि किसी आवेदक को उक्त सूची के प्रकाशन के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे आगामी 06 मई तक कार्यालयीन समय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कार्यालय जिला पंचायत की आवक-जावक शाखा में अपनी दावा-आपत्ति सायं 05 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मोबाइल शाप संचालन के लिए नए नियम लागू, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने एक अहम पहल करते हुए मोबाइल के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों, चोरी के मोबाइल की खरीद-फरोख्त और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी मोबाइल दुकान संचालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अब नियमों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू ने उपस्थिति मोबाईल दुकानदारों से मोबाइल व्यापार से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और मोबाइल कारोबार में पारदर्शिता सुनिश्चित करना रहा। बैठक में विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अभिव्यक्ति एप के उपयोग पर जोर दिया गया। दुकानदारों को इस ऐप की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह एप संकट की स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने में सहायक है। साथ ही ग्राहकों को भी इसे डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सेकंड हैंड मोबाइल खरीदते समय विक्रेता का वैध पहचान पत्र लेना अनिवार्य होगा और उसका उचित रिकॉर्ड भी रखना होगा। बिना बिल या स्वामित्व प्रमाण के किसी भी मोबाइल का लॉक खोलने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है।

## एएसपी ने क्लास ली और समझाइश दी

### सीसीटीव्ही कैमरे लगाने दिया सुझाव

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी दुकानों में सीसीटीव्ही कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने और उन्हें चालू हालत में रखने के निर्देश दिए गए। कैमरों का कवरेज दुकान के अंदर के साथ-साथ बाहर के प्रवेश द्वार और सड़क तक होना चाहिए। इसके साथ ही सीसीटीव्ही फुटेज को निर्धारित समय तक सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए, ताकि जरूरत पड़ने पर जांच में सहयोग मिल सके।




### ग्राहकों रजिस्ट्रर बनाने की सलाह

एएसपी योगेश साहू ने दुकानदारों को सलाह दी गई कि वे अपने यहां आने वाले ग्राहकों का संक्षिप्त विवरण रजिस्टर में दर्ज करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए सतर्कता बरतना बेहद जरूरी बताया गया।

## आतुरगांव में आधी रात का खौफनाक हादसा से परिजनों का दहला दिल

# एनएच 30 पर अज्ञात वाहन की ठोकर से दो युवकों की मौत और एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

आतुरगांव क्षेत्र में बीती रात को 12 बजे एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। देर रात ढाबे से लौट रहे तीन युवकों की स्कूटी को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से ऐसी टक्कर मारी, जिसमें एक युवक की मौके पर और दूसरे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर हालत में हायर सेंटर रायपुर में जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक तीन युवक खपरापारा निवासी साहिल जैन पिता कृष्णा जैन किराना व्यवसायी, जवाहर वार्ड निवासी छगन यादव पिता स्व. संपत लाल यादव और नारा ग्राम निवासी युवराज कुमेटी पिता अनिल कुमार कुमेटी जुपीटर वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 9040 में सवार होकर आतुरगांव स्थित ढाबे पर भोजन करने गए थे। रात करीब 12 बजे तीनों वापस कांकेर की ओर लौट रहे थे, जैसे ही उनकी स्कूटी आतुरगांव पुलिया के पास पहुंची, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन, संभवतः ट्रक, ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही कांकेर थाना की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पेट्रोलिंग टीम ने देखा कि मौके पर ही छगन यादव की मौत हो चुकी थी, जबकि गंभीर रूप से घायल साहिल जैन और युवराज कुमेटी को तत्काल जिला अस्पताल कांकेर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया। इस हादसे के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। मृतकों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### एंबुलेंस में डीजल नहीं, घंटों इंतजार से बढ़ी नाराजगी

घटना के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। घायल के परिजनों ने आरोप लगाया कि रात में ड्यूटी पर मौजूद मेडिकल कॉलेज स्टाफ ने एंबुलेंस उपलब्ध कराने और रेफर प्रक्रिया में दो से ढाई घंटे का समय लगा दिया। इतना ही नहीं, एंबुलेंस चालक द्वारा डीजल नहीं है कहकर देरी किए जाने की बात भी सामने आई है। इस लापरवाही को लेकर परिजनों में भारी नाराजगी है। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर रेफर कर दिया जाता, तो साहिल जैन को समय रहते रायपुर पहुंचाया जा सकता था और शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी।



**साहिल की कुरूद के सरकारी अस्पताल में हुई मौत :** परिजनों के अनुसार हायर सेंटर रायपुर ले जाते समय साहिल जैन की हालत अचानक बिगड़ने लगी और उसका ऑक्सीजन लेवल तेजी से गिरने लगा। उस समय एंबुलेंस कुरूद पहुँची थी। हालत को देखते हुए साहिल को कुरूद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कुरूद में ही शव का पीएम करवाकर शव को सीधे खपरापारा लाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

# माकड़ी सिंगराय के कोटवार के घर से 3.50 लाख के गहने पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



- परिवार खेत में कर रहा था खेती, सूने घर को बनाया निशाना

माकड़ी सिंगराय गांव में दिनदहाड़े चोरी की घटना ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया है। गांव के कोटवार निर्मल कुलदीप के घर से अज्ञात चोर ने करीब 3.5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पार कर दी। खास बात यह है कि घटना के समय पूरा परिवार खेत में काम करने गया हुआ था, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली थानांतर्गत ग्राम माकड़ी सिंगराय में 29 अप्रैल को दोपहर लगभग 12 बजे कोटवार निर्मल कुलदीप अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर खेत चले गए थे। घर का मुख्य गेट खुला हुआ था। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक, जिसने पीले रंग की शर्ट पहन रखी थी और पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार था, घर के बाहर दिखाई दिया। खेत से जब दोपहर करीब 2 बजे उनकी बहू दुर्गेश कुलदीप घर लौटी, तो उक्त युवक ने घर की ओर इशारा करते हुए पूछा कि इस घर के लोग कहां गए हैं। बहू द्वारा खुद को घर का सदस्य बताने पर वह तुरंत वहां से चला गया। घर के अंदर पहुंचते ही बहू को आलमारी में कुछ गड़बड़ी नजर आई। आलमारी के दरवाजे में चाबी लगी हुई थी और लॉकर खोलकर देखने पर उसमें रखा एक तोला सोने का झुमका, एक तोला सोने का कान का टप्स, एक तोला सोने का गेहूं दाना वाला मंगल सूत्र, दो जोड़ी चांदी का पायल, एक चांदी का पतला करधन सभी कीमत लगभग साढ़े 3 लाख रूपये एवं नगदी 1000 रूपये आलमारी के लॉंकर में नहीं था। बहू ने तुरंत घटना की जानकारी और मैं पुत्र निलेश कुलदीप के साथ खेत से घर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस घटना के बाद गांव में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है और ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

कोटवार की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। पुलिस हुलिया के अनुसार आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज के माध्यम से चोर की तलाश में जुट गई है।

# कंदाडी जंगल में सागौन लकड़ी की अवैध चिराई करते दो को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कांकेर–नारायणपुर सीमा के कंदाड़ी जंगल में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है, जहां सागौन की अवैध कटाई कर उसका चिरान करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया गया। यह कार्रवाई पश्चिम वनमंडल भानुप्रतापपुर में वन संरक्षक के उड़नदस्ता टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर अंजाम दी, जिससे लकड़ी तस्करी के सक्रिय नेटवर्क पर शिकंजा कसने की दिशा में अहम सफलता मिली है।

जानकारी के मुताबिक उड़नदस्ता प्रभारी धनलाल साहू को गुप्त सूचना मिली थी कि छोटेबेठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कंदाड़ी गांव के जंगल में सागौन की लकड़ी काटकर मौके पर ही चिरान किया जा रहा है। इस सूचना पर सीसीएम राजेश चंदेले के मार्गदर्शन में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कंदाड़ी के जंगल में दबिश दी।





छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में चिरान की गई सागौन लकड़ी बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। मौके से कंदाड़ी निवासी मंगलू कचलाम पिता मानकू कचलाम और आलदंड निवासी मनोहर उरांव को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपी मामले को हल्का बताते हुए इसे निजी उपयोग के लिए कटाई करना बता रहे हैं, लेकिन वन विभाग को आशंका है कि इसके पीछे एक संगठित तस्करी गिरोह सक्रिय हो सकता है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई करने वालों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी स्तर पर लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।



उड़नदस्ता टीम ने आरोपियों को कार्रवाई करने के लिए पश्चिम वनमंडल को सौप दिया है। पश्चिम वन मंडल की टीम अब आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर इस अवैध कटाई नेटवर्क की अन्य कड़ियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जंगलों में इस तरह की गतिविधियां न केवल पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि वन संपदा को भी भारी नुकसान पहुंचाती हैं।

# दो दिनी कृत्रिम अंग शिविर का 11 हितग्राहियों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय दिव्यांगजन कृत्रिम अंग निर्माण एवं वितरण शिविर ने जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार किया। शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, कोदाभाट में आयोजित इस शिविर में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे दिव्यांगजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन में आयोजित शिवर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। विशेषज्ञों की टीम ने दिव्यांगजनों की जांच कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम अंग तैयार कर लगाए। जन्मजात, दुर्घटना या बीमारी के कारण अंग गंवा चुके लोगों के लिए यह शिविर नई आशा बनकर सामने आया। शिविर में कांकेर, चारामा, भानुप्रतापपुर, नरहरपुर, कोयलीबेड़ा और दुर्गुकोंदल जनपदों से दिव्यांगजन शामिल हुए। जिन हितग्राहियों के मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बने थे या नवीनीकरण आवश्यक था, उनके लिए जिला मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों द्वारा मौके पर ही प्रमाणन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही यूडीआईडी कार्ड पंजीयन और सहायक उपकरणों के लिए आवेदन की प्रक्रिया भी पूरी की गई।



उपसंचालक क्षमा शर्मा ने बताया कि शिविर की सफलता में विभागीय कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायतों के अधिकारियों, ग्राम सचिवों और मीडिया कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जानकारियां होंगी उजागर

# सर्वेक्षण अभियान के दौरान ग्राम कोलर में मिली ताड़पत्रों पर अंकित 12 दुर्लभ पांडुलिपियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की कोलर की मिट्टी एक बार फिर अपने भीतर छिपे इतिहास के खजाने से जगमगा उठी है। कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक के ग्राम कोलर में सर्वेक्षण के दौरान सदियों पुरानी ताड़पत्रों पर लिखी दुर्लभ पांडुलिपियों का अनमोल भंडार मिला है। 'ज्ञान भारतम्' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत मिली यह खोज न सिर्फ क्षेत्र की प्राचीन ज्ञान परंपरा को उजागर करती है, बल्कि इतिहास और लिपि विज्ञान के अध्ययन में भी एक नई दिशा देने वाली साबित हो सकती है।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम्' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत कांकेर जिले में यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। यह पांडुलिपियां न केवल क्षेत्र की प्राचीन ज्ञान परंपरा को दर्शाती हैं, बल्कि लिपि और ऐतिहासिक संस्कृति को समझने की दिशा में एक 'मील का पत्थर' साबित हो सकती हैं। सर्वेक्षण के दौरान ग्राम कोलर में कुल 02 स्थानों से 12 दुर्लभ पांडुलिपियां मिली, जो ताड़पत्रों पर उकेरा गया और यह सदियों पुरानी है। प्रशासनिक पहल और डिजिटलीकरण की तैयारी कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन और नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के नेतृत्व में इस सर्वेक्षण ▸▸| शेष पेज 12 पर



### कोलर में दो जगह मिली 12 पांडुलिपि

अंतागढ़ विकासखंड के कोलर के देहारीपारा में स्वतंत्रता सेनानी चिंटु देहारी का निवास में ताड़पत्रों पर संरक्षित कुल 07 महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। इनमें नामरत्न, लक्ष्मीपुरण, देवी भागवत, कृपा सिंधु, कॉग बोली, पांजी संगनेष्ठी और भागवत पुराण उल्लेखित है, वहीं कुशल राम देहारी के पास लरिया भाषा में लिखित 05 अन्य पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। इन दस्तावेजों में गणेश पुराण, कलंकी कथा, नामरत्ना, ज्योतिषि और मृगणी स्तुति का उल्लेख है।





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय समर कैम्प का आयोजन आज से

**कोण्डागांव।** जिले के छात्र–छात्राओं को नवीन अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक संवर्धन, कौशल निर्माण तथा रचनात्मक एवं समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान प्रतिभागियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें हस्तशिल्प, चित्रकला, पेंटिंग, वेस्टर्न डांस, मेंहदी कला, रंगोली, जुम्बा एवं क्लासिकल डांस प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह समर कैम्प विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास, स्वतंत्रता तथा स्व–कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ–साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरूकता विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। जिला स्तरीय समर कैम्प का आयोजन 1 मई से 25 मई तक किया जाएगा। शिविर बंधा तालाब गार्डन, कोण्डागांव में प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### केशकाल में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**केशकाल।** नगर के जनपद प्राथमिक शाला परिसर में 2 मई को मुस्लिम समाज जमात रज़ा-ए-मुस्तफा, केशकाल द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में रायपुर के आईएलएस हॉस्पिटल से आए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच और परामर्श देंगे। बता दें कि यह शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें हृदय, स्त्री रोग, अस्थि रोग, तंत्रिका, फेफड़ा, सामान्य रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों के लिए यह शिविर काफी उपयोगी साबित होगा। अक्सर देखा जाता है कि गंभीर या विशेष जांच के लिए लोगों को रायपुर, जगदलपुर या कोंडागांव जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ते हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर इस तरह का स्वास्थ्य शिविर लगना बड़ी राहत की बात है। शिविर में डॉ. प्रतीक पाण्डे हृदय शल्य चिकित्सा, डॉ. मनीषा शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. राहुल शाह अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. अमित जैन तंत्रिका विज्ञान, डॉ. बालकृष्ण पल्मोनोलॉजी, डॉ. प्रियंका खत्री जनरल मेडिसिन, डॉ. धीरज प्रेमचंदानी जीआई सर्जरी सेवा देंगे। इस पहल से खासकर उन लोगों को लाभ मिलेगा जो किसी कारणवश बड़े शहरों तक नहीं पहुंच पाते।

### ईंट निर्माण से आत्मनिर्भर बन रहीं क्षेत्र की महिलाएं

**कोण्डागांव।** जनपद पंचायत कोंडागांव के ग्राम पंचायत कुधुर में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। महिलाओं ने सीआईएफ एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से 4 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर सीमेंट ईंट निर्माण कार्य प्रारंभ किया। समूह द्वारा निर्मित मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण ईंटों की मांग आसपास के गांवों में लगातार बढ़ रही है।

# सांसद फुलोदेवी ने स्व-गणना से की अपने परिवार की जनगणना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव


अलग खबर



फरसगांव। राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम ने जनगणना के तहत उपलब्ध स्व-गणना सुविधा का उपयोग करते हुए अपने परिवार की जनगणना स्वयं पूर्ण की। इस दौरान उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी पारिवारिक जानकारी दर्ज कर प्रक्रिया को सरल और सहज बताया। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि स्व-गणना सुविधा नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इससे लोगों को किसी बाहरी हस्तक्षेप के बिना अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर मिलता है, जिससे डेटा की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया समय की बचत के साथ-साथ आधुनिक तकनीक के उपयोग को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें। इससे न केवल जनगणना का कार्य तेजी से पूर्ण होगा, बल्कि शासन को भी योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन के लिए सही और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त होंगे। सांसद ने यह भी कहा कि यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान के उद्देश्य को मजबूत करती है, जिसमें हर नागरिक को डिजिटल रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जागरूकता बढ़ने के साथ अधिक से अधिक लोग इस सुविधा से जुड़ेंगे और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

### जनगणना 2027 में जनप्रतिनिधियों की पहल : कोंडागांव व केशकाल विधायक ने की स्व–गणना





**कोण्डागांव।** जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व–गणना अभियान को गति देने के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी पहल की है। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी तथा केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जनगणना पोर्टल पर स्वयं अपना फॉर्म भरकर स्व–गणना की प्रक्रिया पूर्ण की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे भी स्व–गणना में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें और सही व पूर्ण जानकारी दर्ज कर जनगणना को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े ही विकास योजनाओं की सही दिशा तय करते हैं। स्व–गणना के बाद अगले चरण में 1 मई से 30 मई तक प्रगणक घर–घर जाकर मकान गणना करेंगे।

## राहत : तत्काल पेंशन आदेश जारी, कर्मचारियों को मिली बड़ी राहत

# जिले में नई पहल, सेवानिवृत्ति के दिन ही 6 कर्मचारियों को मिला पीपीओ-जीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए एक सराहनीय पहल के तहत सेवानिवृत्ति के दिन ही 6 कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश और ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी किए गए। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इन आदेशों की प्रतियां प्रदान कीं।

- कलेक्टर ने कार्यक्रम में कर्मियों को आदेश की प्रतियां दीं

कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं, किया सम्मान – इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि समय पर पेंशन आदेश जारी करना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला कोषालय द्वारा पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर उसी दिन पीपीओ जारी करना प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण माना जा रहा है। इस पहल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तत्काल आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। इस सराहनीय पहल के लिए कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई कोंडागांव के प्रदेश उपाध्यक्ष केदार जैन, जिला संयोजक शिवराज ठाकुर, उप संयोजक निर्मल कुमार शार्दुल, संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार नाग, कंवल साय मरकाम, यशवंत देवांगन, ललित किशोर कोर्राम, शरद शर्मा, पन्नालाल पाण्डे एवं चमनलाल वर्मा ने कलेक्टर को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया।



### कार्यक्रम में ये अधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, जिला कोषालय अधिकारी रजनीश पटेल, डीएमसी ईमल बघेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कोंडागांव की यह पहल प्रशासनिक संवेदनशीलता और पारदर्शिता का उत्कृष्ट उदाहरण बन रहा है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तत्काल लाभ मिल रहा है।

### इन कर्मचारियों को मिला लाभ

जिला कोषालय द्वारा त्वरित प्रक्रिया अपनाते हुए कर्मचारियों को पीपीओ जारी किया गया। इनमें पुलिस विभाग से मोहन लाल मौर्य, सुरेन्द्र बघेल स्वास्थ्य विभाग से श्रीमती सप्तमी भद्र शिक्षा विभाग से प्रधानअध्यापक श्रीमती संगीता राव, व्याख्याता शंकरलाल मण्डावी, प्रधानअध्यापक चरण सिंह मातलाम।

# लखपति पखवाड़ा सर्वे अभियान जारी, महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण




**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत 20 अप्रैल 2026 से लखपति पखवाड़ा सर्वे अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्व–सहायता समूहों से जुड़े परिवारों को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। ऐसे सदस्य जिन्होंने अब तक ऋण नहीं लिया या किसी कारण से वंचित रह गए, उन्हें प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही पूर्व ऋणधारकों को भी पुनः शामिल किया जा रहा है। प्रथम चरण 20–30 अप्रैल सर्वे एवं पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन, द्वितीय चरण 01–10 मई मांग के आधार पर मूल्यांकन एवं निधि आवंटन, तृतीय चरण 11–15 मई ग्राम संगठनों के माध्यम से राशि वितरण, चतुर्थ चरण 16–20 मई सदस्यों को आजीविका के लिए राशि उपलब्ध कराना। यह अभियान व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित हो सकें।

लखपति पखवाड़ा अभियान ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# किसान की बेटी ने रचा इतिहास, सुनीता 95.16 प्रतिशत के साथ बनी जिला टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2026 में शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय कोंनगुड़ की छात्रा सुनीता राठौर ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्राम बारदा निवासी किसान कुंभकरण राठौर की पुत्री सुनीता ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 571 अंक प्राप्त किए और प्रथम श्रेणी में सफलता पाई। स्कूल की प्राचार्य नहेश्वर वर्मा ने सुनीता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वह शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्रा रही हैं। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। सुनीता की बड़ी बहन यशोदा राठौर ने भी 12वीं की परीक्षा में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है, जिससे यह परिवार शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बनकर उभरा है।

सुनीता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों अविनाश साहू, राजेश केशर, संजीव मरकाम, दीनबंधु वर्मा और रोशन प्रधान को दिया है। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह संभव हो पाया। जिला टॉपर बनने पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम ने फोन के माध्यम से सुनीता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं गांव और स्कूल में जश्न का माहौल है।

### आमगांव के चन्द्रकान्त ने 10वीं में हासिल किया 94.85% अंक

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2026 में फरसगांव ब्लॉक के सुदूर अंचल ग्राम आमगांव के होनहार छात्र चन्द्रकान्त नाग ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94.85 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता दर्ज की है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे गांव, स्कूल और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रयास आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर के छात्र चन्द्रकान्त ने सभी विषयों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 600 में से 569 अंक प्राप्त किए और प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। चन्द्रकान्त के पिता मोहन नाग वन विभाग में वनपाल के पद पर कार्यरत हैं। चंद्रकात के पिता जिले के केशकाल वन मंडल अंतर्गत बड़ेडोगर रेंज में वनपाल के पद पर पदस्थ हैं। चन्द्रकान्त ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उनका कहना है कि नियमित पढ़ाई, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। गांव के लोगों और स्कूल प्रबंधन ने चन्द्रकान्त को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# अनंतपुर कन्या स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

- 10 दिवसीय इंटर्नशिप भी सफलतापूर्वक सम्पन्न
- मेधावी छात्रओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
- कक्षा नवमीं देवकी, 11वीं में शबनम रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर में 30 अप्रैल को स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 9वीं में कुमारी देवकी ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं साहिल बैरागी ने 82.53 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में कुमारी शबनम अली ने 86.28 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुमारी राधिका ने 85.74: अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान हासिल किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य दिलीप कुमार कोमरे द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन



### इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों को मिला प्रमाणपत्र

विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के ऑटोमोबाइल एवं रिटेल ट्रेड के छात्र–छात्राओं का 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्राचार्य दिलीप कुमार कोमरे के नेतृत्व तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक संतोष कुमार यादव एवं पीयूष कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 1200 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। प्राचार्य ने इंटर्नशिप कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाली संस्थाओं का सहयोग मिला। प्राचार्य श्री कोमरे ने कहा कि वर्तमान समय में व्यावसायिक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को चार वर्षों में हुनरमंद बनाकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नियमित रूप से अतिथि व्याख्यान एवं औद्योगिक भ्रमण भी आयोजित किए जाते हैं।

### जनप्रतिनिधि और पालक रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच विक्रम मंडावी, उपसरपंच सनत राम यादव, ग्राम अनंतपुर के गणमान्य नागरिक, पालकगण एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय का यह प्रयास न केवल शिक्षा बल्कि कौशल विकास के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को नई दिशा दे रहा है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।

### कैंसर जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई स्क्रीनिंग, विशेषज्ञों ने दी सलाह

**कोण्डागांव।** शहर के आदिवासी विश्राम गृह भवन में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महात्मा गांधी कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट, विशाखापत्तनम और जेसीआई कोंडागांव स्टार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श लिया। विशाखापत्तनम से आए डॉक्टरों ने आधुनिक उपकरणों से स्क्रीनिंग कर मुँह, स्तन और सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य लक्षणों की पहचान की। शिविर में महिलाओं के लिए स्त्री रोग जांच, सर्वाइकल व स्तन कैंसर परीक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में डॉ. हिप्सिबा, डॉ. चांदनी के साथ स्थानीय डॉक्टर डॉ. शिल्पा देवांगन और डॉ. पूजा साहू ने भी सहयोग दिया। डॉक्टरों ने कैंसर के शुरुआती लक्षण, बचाव और समय पर इलाज के महत्व के बारे में जानकारी दी। आयोजकों ने बताया कि जरूरत पड़ने पर मरीजों को विशाखापत्तनम स्थित अस्पताल में निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी।

## नवाचार के दम पर जिले का बढ़ाया मान

# 5 शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और रचनात्मक पहल के लिए जिले के पांच शिक्षकों को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025–26 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसमें देशभर के शिक्षकों ने भाग लिया। इस सम्मान के लिए केशकाल विकासखंड से शिक्षिका दीपिका कोडोपी पीएम प्राथमिक शाला हर्वेल और भुवनेश्वर प्रसाद आग्रे प्राथमिक शाला नयापारा सिंगनपुर, कोंडागांव विकासखंड से गीतांजलि भोई, फरसगांव से खमदेव दीवान तथा बड़े राजपुर से संदीप कुमार सेन का चयन किया गया।



### देशभर से आए सैकड़ों नामांकन, कई चरणों में हुआ चयन

*आयोजक संस्था समूह भारत के अनुसार, इस सम्मान के लिए देशभर से 700 से अधिक और छत्तीसगढ़ से 400 से ज्यादा नामांकन प्राप्त हुए थे। चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार और क्रॉस इंटरव्यू जैसे कई चरण शामिल रहे, जिसके बाद अंतिम सूची जारी की गई। यह कार्यक्रम रायपुर स्थित स्वामी आत्मानंद प्रो. जे.एन. पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित शिक्षकों ने अपने–अपने विद्यालयों में स्वप्रेरित नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाया है। इनके प्रयासों से विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़ी है और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।*

### जिला प्रशासन ने की सराहना

जिले के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला मिशन समन्वयक ईमल सिंह बघेल ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल शिक्षकों के व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि कोंडागांव जिले की शिक्षा व्यवस्था के लिए भी गर्व का विषय है, जो नवाचार के माध्यम से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

पेज 11 के शेष

### सर्वेक्षण अभियान के दौरान...

कार्य को तेज गति से चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने समाज प्रमुखों, प्रबुद्धजनों और विशेषज्ञों के साथ बैठक कर पांडुलिपियों की पहचान और उनके संरक्षण के कड़े निर्देश दिए हैं। इन प्राप्त दस्तावेजों का विशेषज्ञों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिसके उपरांत इनका डिजिटलीकरण कर इन्हें राष्ट्रीय पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, ताकि दुनिया भर के शोधकर्ता और जिज्ञासु इस ज्ञान तक पहुँच सकें।

आम नागरिकों से सहयोग की अपील

प्रशासन ने आम जनता से भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है । यदि किसी भी नागरिक के पास ऐसी कोई प्राचीन लिपि या ऐतिहासिक दस्तावेज सुरक्षित है, तो वे ज्ञान भारतम ऐप के माध्यम से उसे सूचीबद्ध करा सकते हैं, ताकि हमारी विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजा जा सके।

# फिट रहने के लिए सबसे प्रभावी माध्यम है योग : एसपी सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



पतंजलि योग समिति 21 अप्रैल से शहर के विभिन्न 21 स्थानों पर 21 दिवसीय मेगा योग शिविर अभियान कर रहा है। बुधवार को शिविर के 11वें दिन जनजातीय गौरव वाटिका में पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, उनके परिजन तथा नागरिक उपस्थित रहे। योग सत्र के दौरान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता पर बताया गया। सामूहिक योगाभ्यास कर स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि योग जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और फिट रहने के लिए यह सबसे प्रभावी माध्यमों में से एक है। उन्होंने पुलिस जवानों एवं उनके परिवारों को भी इस मेगा योग शिविर से जोड़ने की बात कही।

उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग और संतुलित आहार बीमारियों से बचाव का सबसे सरल उपाय है। शिविर में योगाभ्यास ही नहीं बल्कि बीपी, शुगर, हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव और उनके घरेलू एवं आयुर्वेदिक उपचारों की जानकारी भी दी जा रही है। इस पहल ने आमजन के बीच स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित की है। पतंजलि योग समिति के छत्तीसगढ़ प्रमुख डॉ मनोज पाणिग्राही ने बताया कि प्रशासन और समाज प्रमुखों के सहयोग से शहर के 21 स्थानों पर यह शिविर संचालित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दो युवकों की मौत पर चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कोरर क्षेत्र में 8 अप्रैल 2026 को हुए सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मर्ग जांच के अनुसार मृतक टिखेन्द्र कोरेटी और गौतम कोरेटी पल्सर मोटरसाइकिल से बड़ेगौरी से भानुप्रतापपुर जा रहे थे। बैजनपुरी गुडरापारा के पास पीछे से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 4151 के चालक ने तेज गति व लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक बिजली खंभे से जा टकराई, जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गंभीर चोट व अत्यधिक रक्तस्राव बताया गया है। विवेचना में मिले इनपुट के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### बोर्ड परीक्षा में डांगरा हाई स्कूल के सभी छात्र उत्तीर्ण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल डांगरा ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। विद्यालय के सभी 25 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल घोषित हुए, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। विद्यालय के प्राचार्य रामनारायण हिरवानी ने बताया कि इस वर्ष कुल 25 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था और सभी सफल रहे। इनमें से 18 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 7 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय की छात्राओं ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान आकर्षित किया। सोनम कोमरा ने 82 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमिका मंडावी ने 79 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि दिव्या ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### आत्मानंद विद्यालय दुर्गूकोंदल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोहपूर्वक घोषित किया गया। इस वर्ष विद्यालय का लोकल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार, पालकों एवं विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया और परीक्षा प्रभारी द्वारा कक्षावार परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय में एलकेजी से लेकर कक्षा 11वीं तक सभी कक्षाओं में मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एलकेजी में कोयाशी प्रथम, प्रकृति द्वितीय और तीयांशी तृतीय रहे। यूकेजी में गृतिक प्रथम, न्यासा द्वितीय एवं अंश तृतीय रहे। कक्षा पहली में देवांश शर्मा, दूसरी में तनमय मरकाम, तीसरी में निखिल कंवर, चौथी में विहान यादव, छठवीं में आदित्य दुग्गा तथा सातवीं में मांशी सोनकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नवमी अंग्रेजी माध्यम में जोशना गावड़े तथा हिंदी माध्यम में अरविंद कुमार उइके प्रथम रहे। ग्यारहवीं अंग्रेजी माध्यम साइंस में सारदा हिडको, कॉमर्स में संतोषी नरेटी, हिंदी माध्यम साइंस में मेघा पोटाई तथा हिंदी माध्यम कॉमर्स में सोमसिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया।

**बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में नहीं आया कोई विद्यार्थी**

# शैलजा बनीं सुकमा की टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2026 सुकमा के लिए भले ही छात्रों के रैंकिंग को लेकर निराशाजनक रहा हो लेकिन कक्षा दसवीं की मेरिट लिस्ट ने लॉज बचा ली।

जारी मेरिट लिस्ट में कक्षा दसवी के परिणामों में संपूर्ण छग में सांतवा स्थान प्राप्त किया तो दूसरी ओर 12वीं में सुकमा फिसड्डी साबित हो गया जहां उसे 23 वां रैंक हासिल हुआ। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणामों ने एक बार फिर से शैक्षणिक

■ 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिया है। संपूर्ण छग के छात्रों की मेरिट लिस्ट के टॉप टेन मे एक भी छात्र का नाम न आना चिंतन का विषय है। कक्षा दसवीं के परिणाम ने भले ही सांतवे स्थान को प्राप्त कर राहत जरूर दी है लेकिन कक्षा बारहवीं ने प्रदेश के 33 जिलों में 23वां ही स्थान प्राप्त किया है। सुकमा जिला के कक्षा 10 वीं में 2013 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें से कुल 1835 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा जिले का परीक्षा परिणाम 91.29 प्रतिशत रहा तथा राज्य में सुकमा जिला 7 वां स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं के प्रथम श्रेणी में 1148 व्दितीय श्रेणी में 673 एवं तृतीय श्रेणी में 14 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा 2026 में सुकमा जिला के कुल 1413 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें से कुल 1137 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा जिले का परीक्षा परिणाम 80.63 प्रतिशत रहा तथा सुकमा जिला राज्य में 23वां स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के प्रथम श्रेणी में 638 व्दितीय श्रेणी में 491 एवं तृतीय श्रेणी में 8 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को जिले के कलेक्टर अमित कुमार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इंदिरा कालोनी निवासी उपेन्द्र गुप्ता के सुपुत्र कृष्ण गुप्ता ने 10 वीं कक्षा में 94.67 लाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है।

### जसमीन के माथे ताज



कक्षा बारहवीं में जिले के टॉप 3 में प्रथम स्थान पर शेख जसमीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी व अंग्रेजी विद्यालय दोरनापाल ने 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम स्कूल तालनार की छात्रा कु. जमुना 90.80 प्रतिशत अंक लेकर व्दितीय स्थान प्राप्त किया है, तथा आईएमएसटी अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल सुकमा के आयान मैथ्यू ने 88.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

### शैलजा को 97.33



जिले के टॉप 3 में प्रथम स्थान पर शैलजा सिंह परिहार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छिंदगढ़ ने 97.33 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मदर टेरेसा अंग्रेजी माध्यम हाईस्कूल सुकमा की छात्रा कु. सना निशा 95.50 प्रतिशत अंक लेकर व्दितीय स्थान प्राप्त किया है, तथा उमर खान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा ने 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

### मूक-बधिर रेशमा ने किया कमाल



### छात्रों के लिए प्रेरणा है रेशमा

प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके दीप ने बताया कि रेशमा की विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया गया, जिससे वह अपनी पढ़ाई में निरंतर आगे बढ़ सकीं।

### कौन कहता है आसमां में छेद नहीं होता

सुकमा जिले के कोन्टा की मूक-बधिर बेटी कोकी रेश्मा ने इतिहास रचते हुए संघर्ष, साहस और जुनून से 70.4 अंक हासिल किए। दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंटा की दिव्यांग (मूक-बधिर) छात्रा कु. कोकी रेश्मा ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 70.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। बेस कैम्प कोंटा निवासी कोकी रेश्मा, कोकी राजू एवं इंद्रा की पुत्री हैं। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद रेशमा ने कभी अपनी परिस्थितियों को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया।

### रेशमा ने जिला को किया गौरवान्ति



रेश्मा की उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने कहा कि कोकी रेश्मा की यह उपलब्धि केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, आत्मबल और सकारात्मक सोच की एक मिसाल है। उनकी सफलता पर आज पूरा कोंटा और सुकमा जिला गर्व महसूस कर रहा है। रेश्मा उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने का हौसला रखते हैं।

# छू लो आसमान बालूद के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का कीर्तिमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में संचालित छू लो आसमान बालूद के विद्यार्थियों ने वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा एवं संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मुख्य) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल संस्था बल्कि पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस क्रम में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में संस्था के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की। यहां विवेक कुमार राणा ने 580 अंक (96.67 प्रतिशत) प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान, हडमो कवासी ने 571 अंक (95.17 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान, मोटू टाटी ने 570 अंक (95.00 प्रतिशत) के साथ चतुर्थ स्थान हासिल किया। इसके अलावा ज्ञानेंद्र कुमार साहू एवं शंकर लाल पोडियम ने 564-564 अंक (94.00 प्रतिशत) प्राप्त कर संयुक्त रूप से षष्ठम स्थान प्राप्त किया, जबकि नमन कुमार सिन्हा ने 557 अंक (92.83 प्रतिशत) के साथ जिले में नवम स्थान हासिल किया। यहां सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की है, जो संस्था के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं अनुशासित वातावरण को दर्शाता है।

इसी प्रकार संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मुख्य) 2026 में भी संस्था के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस क्रम में गौरव मरकाम ने 83.390 प्रतिशत, ईशांत ने 78.072 प्रतिशत तथा रोशन कुमार मुचाकी ने 70.011 प्रतिशत प्राप्त किया है। इन विद्यार्थियों का राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) में चयन लगभग सुनिश्चित माना जा रहा है, जो संस्था के लिए गर्व का विषय है।

### दर्शिता ने पाया चौथा स्थान



**भोंड।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बस्तर की मेधावी छात्रा दर्शिता तिवारी ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान हासिल करते हुए विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि पूरे बस्तर में गर्व और उत्साह का माहौल है। विद्यालय स्तर पर घोषित परीक्षा परिणाम में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विज्ञान, वाणिज्य और कला में छात्रों ने शानदार अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दर्शिता तिवारी ने 92.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। रौनक विश्वकर्मा 86.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं निहारिका साहू 86.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इस संकाय में विद्यार्थियों का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। कॉमर्स संकाय में मोहम्मद शाहिद ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, ग्यानेंद्र कश्यप 73.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं पूर्णिमा कश्यप 65 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। आट्र्स संकाय में शगुन मिश्रा ने 89.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, रश्मि साहू 80.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं आन्या मिश्रा 71.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और सतत मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

# सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

■ सूरज सोनी प्रथम, टकेश साहू द्वितीय व लक्ष्य चौहान रहे तृतीय स्थान पर



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के कक्षा दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में विद्यालय में 18 भैया बहन अध्ययनरत थे जिनमे सभी 18 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमे 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सूरज सोनी प्रथम, 83.5 प्रतिशत प्रतिशत अंक प्राप्त कर टकेश साहू द्वितीय एवम 79.6 प्रतिशत प्रतिशत अंक प्राप्त कर लक्ष्य चौहान तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, सह सचिव सुरेश जय सिंघानी, सदस्य सोमेश गुप्ता, शिवराज नेताम व समिति के अन्य सभी सदस्यों ने भैया बहनो व आचार्यो को शुभकामनाएं व बधाई दी हैं। विद्यालय समिति के सदस्यों ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर नगर का गौरव का केंद्र है जो संस्कार, अनुशासन, पढ़ाई, खेलकूद सभी में अपनी अग्रणी भूमिका रखता हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बताया कि तीनों भैया बहन कक्षा अरुण से ही मेधावी और प्रतिभावान है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सभी आचार्य दीदियों के लगन व निष्ठा का परिणाम है। इसका संपूर्ण श्रेय विद्यालय के आचार्य व दीदीयो को जाता है जो लगन निष्ठा के साथ भैया बहनों को अध्यापन कराते हैं अवकाश में भी अतिरिक्त कक्षा लेकर इन बच्चों के स्तर को सुधार कर आगे पहुंचाते हैं। विद्यालय में पढ़ाई व खेलकूद लगातार नियमित रूप से चलते रहता है। समाज के सभी वर्ग के लोगों से विद्यालय को सहयोग प्राप्त होते रहता है।

# छात्राओं ने किया जिले का नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में छू लो आसमान कन्या परिसर कारली की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में टॉप कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस क्रम में 10वीं कक्षा में विद्यालय की छात्रा तमन्ना ठाकुर पिता दिनेश ठाकुर ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं के. काव्या स्वर्णकार पिता के. नारायण स्वर्णकार ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा पायल ताती पिता अमेर सिंह ताती ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर पंचम स्थान, सीमा पिता हुंगा ने 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर सप्तम, अनीशा राय पिता दीपकर राय एवं भूमिका नागवंशी पिता केशव राव नागवंशी, सरस्वती यादव पिता नीलू राम यादव ने 92.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर नवम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में छात्रा टिशा साहू पिता राम नारायण साहू ने 92.80 प्रतिशत अंक लाकर जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा फाल्गुनी सोम पिता ललित कुमार सोम ने 90.40 प्रतिशत अंक लाकर जिले में पंचम स्थान, प्रार्थना सोरी पिता रामदेव सोरी ने 90 प्रतिशत अंक लाकर जिले में षष्ठ स्थान, छात्रा भूमिका पिता धर्मेंद्र ठाकुर ने 88.20 प्रतिशत अंक लाकर जिले में अष्टम स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्राओं ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समवन्यक ने छात्राओं को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की अधीक्षिका रवीन्द्र शैनी एवं समस्त स्टाफ ने भी छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालय

# बासनवाही स्कूल के रिटायर्ड व्याख्याता को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

शासकीय उमावि बासनवाही में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले व्याख्याता केके गंजीर के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति एवं समस्त स्टाफ ने उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने केके गंजीर के सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें अनुशासन और समर्पण की मिसाल बताया। उन्होंने व्याख्याता के साथ-साथ प्रभारी प्राचार्य के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई। प्राचार्य देवकरण भास्कर ने कहा कि गंजीर ने हमेशा विद्यार्थियों के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और उनकी कार्यशैली सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। विदाई समारोह के दौरान शाला प्रबंधन

# पेट्रोल पंप से जनरेटर की बैटरियां ले उड़े चोर

**हरिभूमि न्यूज. कांकेर।** अंतागढ़ क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की घटना ने स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्राम तहकाल स्थित पेट्रोल पंप में अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से जनरेटर में लगी बैटरियां पार कर दीं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार देहारीपारा अंतागढ़ निवासी 43 वर्षीय अनिमेश शर्मा, जो उक्त पेट्रोल पंप में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं ने थाना अंतागढ़ में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग किया है। उन्होने पुलिस को बताया कि 25 मार्च की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच उन्होंने अपने कर्मचारी मनोज नाग निवासी हिमोड़ा को पेट्रोल पंप की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपकर घर चले गए थे। कर्मचारी मनोज नाग रात लगभग 10 बजे पेट्रोल पंप बंद कर सो गया और अगले दिन 26 मार्च की सुबह करीब साढ़े 9 बजे जब बिजली गुल हुई और जनरेटर चालू करने की जरूरत पड़ी, तब चोरी का खुलासा हुआ। जनरेटर के पास पहुंचने पर देखा गया कि उसमें लगी एक्साईट कंपनी की एक बैटरी और पास में रखी दूसरी बैटरी, दोनों गायब थीं। चोरी गई दोनों बैटरियों की कुल कीमत लगभग 12,000 रुपये आंकी गई है।

घटना से पेट्रोल पंप प्रबंधन में हड़कंप मच गया है, वहीं आसपास के व्यापारियों में भी डर का माहौल है। खुले स्थान पर रखे जनरेटर से इस तरह की चोरी ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। घटना के बारे में आसपास पतासीज किया गया, परंतु नहीं मिलने पर मामला दर्ज कराया गया। अंतागढ़ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# बस्तर मुन्ने व सुशासन तिहार आज से जिले की पंचायतों में होंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए बस्तर संभाग में संचालित बस्तर मुन्ने तथा नियद नेल्लानार 2.0 और राज्य व्यापी सुशासन तिहार अभियान के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में 01 मई से शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों के सफल संचालन के लिए पीठासीन अधिकारी एवं शिविर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस अभियान के तहत पहले चरण में जिले के सभी ग्रामों शिविर का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात क्लस्टर में शिविर आयोजित होंगे उसके बाद विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएग।

इस अभियान के तहत जिले में 74 क्लस्टर बनाए गए हैं तथा सभी क्लस्टरो के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए है। बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत पहले दिन के जिले के सभी सातों विकासखण्ड के कुल 125 गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 01 मई को विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम आमागांव, एडानार, बोंदानार, ताड़ोकी, कलेपरस, जेठेगांव, बुलावण्ड, सुरेवाही, भैंसासुर, अमोड़ी, कानागांव, नांगरबेड़ा, बडेतेवडा, फुफगांव, चंगोड़ी, टिमनार, बण्डापाल, देवगांव, मुल्ले, करमरी, मातला ब, बडेतोपाल, पोण्डगांव,, लामकन्हार, मासबरस, हिमोड़ा, कढ़हीखोदरा, नवागांव, गोडरी, गोड़बिनापाल, कलगांव, कोसरोण्डा, तालाबेड़ा, भैसगांव, बैहासाल्हेभाट, फुलपाड़, आमाबेड़ा, बड़ेपिंजोड़ी, गुमझीर, तुमसनार और बोड़ागांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर के ग्राम पेंवारी, संबलपुर, घोटिया, मुल्ला, परवी, मुंगवाल, चिल्हाटी, भैसाकन्हार डू, हेटारकसा और भानबेड़ा में शिविर आयोजित किया जाएगा। चारामा विकासखण्ड के चारभाटा, बरकच्छार, तिरकादण्ड, जामबहार, कांशीपुर, सुरावण्ड, भौसाकट्टा, मुडधोवा, तेलगुडा एवं बाबूकोहका शिविर आयोजित किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार, भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. :- 202602140500007/
अ-20(1)/2025-26
ग्राम - भानुप्रतापपुर
प.ह.क्र. 5 भानुप्रतापपुर

**// आम ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण नगर भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जा रहा है कि आवेदक कपुर चंद जैन, प्रवीण चंद जैन जाति जैन निवासी नगर भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर भानुप्रतापपुर स्थित शासकिय भूमि खसरा नं. 120 प्लाट नं 5 में से क्षेत्रफल 50 वर्गमीटर भूमि का नवीनीकरण अवधि वर्ष 2014 को समाप्त हो जाने से आवेदक द्वारा शासकिय पट्टे की अवधि 30 वर्ष बढ़ाकर 31/03/2044 तक नवीनीकरण करने हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के समक्ष आवेदन पेश करने से जांच हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है। प्रकरण गतिशील है।

अतः उक्त संबंध में आवेदित भूमि को आबंटित किये जाने हेतू जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत तिथि 04.05.2026 को या इसके पूर्व अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 15.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

**नाम परिवर्तन की सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार मोहम्मद अब्दुल जूनैद पिता- एम. ए. समी उम्र-46 वर्ष, निवासी- संबलपुर, तहसील- भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के पुत्र का सही व वास्तविक नाम मोहम्मद शाहमीर शेख MOHAMMAD SHAHMIR SHEIKH पिता मोहम्मद अब्दुल जूनैद MOHAMMAD ABDUL ZUNAID है, मेरे पक्षकार के पुत्र के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 5940 1277 5163 में पुत्र का नाम मो. अ. शाहमीर Mo. A. SHAHMIR पिता- मोहम्मद अब्दुल जुनैद MOHAMMAD ABDUL ZUNAID त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर मोहम्मद शाहमीर शेख MOHAMMAD SHAHMIR SHEIKH पिता मोहम्मद अब्दुल जूनैद MOHAMMAD ABDUL ZUNAID लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक- 21/04/2026 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के पुत्र के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार के पुत्र का नाम मोहम्मद शाहमीर शेख MOHAMMAD SHAHMIR SHEIKH पिता मोहम्मद अब्दुल जूनैद MOHAMMAD ABDUL ZUNAID किया जावें तथा पहचाना जावें।

दिनांकः- 30.04.2026

**रीतिक गुप्ता (अधिवक्ता)**
**भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

# दसवीं बोर्ड में 96.8 प्रतिशत अंक लाकर चांदनी ने किया कमाल



**बासनवाही।** प्रतिभा को पहचान की जरूरत नहीं होती इस बात को सच साबित कर दिखाया है। बासनवाही की मेधावी छात्रा चांदनी साहू ने, जिन्हें 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर न सिर्फ अपने विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। चांदनी के पिता उमेश साहू शिक्षक हैं, जबकि माता उमा भारती साहू गृहिणी हैं। परिजनों के अनुसार, चांदनी बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर, अनुशासित और मेहनती रही है। उसने अपनी सफलता कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर हासिल की है। विद्यालय के प्राचार्य देवकरण भास्कर ने चांदनी की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभाएं न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाती हैं, बल्कि समाज के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। समाजसेवी संदीप द्विवेदी ने भी चांदनी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। हरिभूमि से बातचीत में चांदनी ने बताया कि उनका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में मौत पर मामला अतंतः दर्ज

**कांकेर।** थाना चारामा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दर्ज मर्ग की जांच के दौरान पता चला कि रामदास नेताम अपने साथी कन्हैया लाल तारम के साथ 11 जनवरी को धमतरी लड़की देखने गए थे। वापसी के दौरान रात्रि लगभग 1 बजे ग्राम भिरौद में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में रामदास को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें चारामा अस्पताल लाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक कन्हैया लाल को भी चोटें आई हैं और उसका उपचार जारी है। जांच में चालक की लापरवाही सामने आने पर पुलिस ने धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### आदिवासी कांग्रेस की जिला बैठक 3 को

**कांकेर।** आदिवासी कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक 03 मई रविवार को राजीव भवन कांकेर में रखी गई है। बैठक में विशेष रूप से आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक जनक धुरव एवं सावित्री मनोज मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा पार्टी के वरिष्ठ आदिवासी नेतागण उपस्थित रहेंगे। बैठक में आदिवासी कांग्रेस के नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी सदस्यों एवं नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा आदिवासी कांग्रेस की संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा बूथ स्तर पर संगठन की ढांचा को स्थापित करने आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान 5 से 20 तक

**कांकेर।** कृषि एवं किसान कल्याण को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026 का आयोजन 05 मई से 20 मई 2026 तक किया जा रहा है। इस अभियान का संचालन कृषि एवं समवर्गीय विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों एवं केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से किसानों को खेती-किसानी से जुड़ी नवीनतम जानकारियों से अवगत कराया जाएगा, जिससे वे अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा सकें और आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभागों के विशेषज्ञ शामिल होकर किसानों को मार्गदर्शन देंगे और साथ ही कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का भी आयोजन किया जाएगा, जहां किसान सीधे वैज्ञानिकों से संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे।

## अभनपुर में परीक्षा परिणाम वितरण समारोह में उत्कृष्ट छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन उत्साह, उल्लास और गरिमामयी वातावरण में किया गया। विद्यालय परिसर में छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति से खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष एवं जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष टेकश्वर सिन्हा ने छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की मजबूत नींव है। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। विद्यालय का इस वर्ष परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं में कुमारी प्रीति मंडावी ने 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मधु नेताम द्वितीय और इसाकादो पी. तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12वीं में कुमारी वेदिका पटेल ने 88.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन



#### स्कूल का माहौल हुआ खुसनुमा

वहीं गायत्री मरकाम, वसुंधरा नेताम और तुलसी मंडावी ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में पायल नाग ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि अन्य छात्राओं ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के शिक्षकों संगीता कुमरे, सुखलाल नरसिया, संपत नेताम, सोहनदास माणिकपुरी, दिगेश्वरी गावड़े, शिल्पी श्रीवास्तव, जानकी कुम्हार, दीपिका ध्रुव सहित समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच मालती, जीएस नेताम, रमेश गुंजाम, शंभूराम नेताम, मनुराम भास्कर, रतिराम नेताम, पंचम नेताम सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अपराध : पुलिस कर रही सटोरियों की तलाश

## सफेदपोश के संरक्षण में कांकेर में चल रहा आनलाइन आईपीएल सट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सफेदपोश का चोला पहनकर तीन सफेदपोश कांकेर शहर के एक युवा को सामने करके नई आईडी लाँच करके आईपीएल का सट्टा खिला रहे है। पुलिस को इनकी खबर है, परंतु कुछ सबूत एकत्र करने में लगी हुई है। सबूत मिलते ही पुलिस सफेदपोश को गिरफत में लेकर उनके चेहरों को आमजनता के सामने ला सकती है। इसके अलावा म्यूट एकाउंट के मामले में दो के बाद चार आरोपियों को दबोचा गया है।

■ म्यूट एकाउंट के मामले में चार आरोपियों को दबोचा गया



कांकेर जिले में आईपीएल के दौरान सट्टेबाजी का कारोबार तेजी से फैलता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, सफेदपोश का चोला पहनकर तीन सफेदपोश नई ऑनलाइन आईडी तैयार कर सट्टा संचालित कर रहे हैं। यह पूरा नेटवर्क बेहद सुनियोजित तरीके से काम कर रहा है, जिससे पुलिस प्रशासन की पकड़ से बचना आसान हो रहा है। हालांकि यह कहना पूरी तरह सही नहीं होगा कि कांकेर पुलिस इस गतिविधि से पूरी तरह अनजान है। विभाग के पुराने और अनुभवी अमले को इस तरह के नेटवर्क की कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी है, लेकिन विडंबना यह है कि पुख्ता सबूत नहीं मिल पाने के कारण सफेदपोश के हौसले बढ़े हुए है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि नए अमले को ऑनलाइन सट्टेबाजी के इस आधुनिक और तकनीकी तरीके की पूरी जानकारी नहीं है। यही कारण है कि वे इन सफेदपोश सटोरियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। आईपीएल जैसे बड़े आयोजन के दौरान सट्टेबाजी का कारोबार तेजी से फैलता है और इसमें नई नई तकनीकों का इस्तेमाल कर इसे और जटिल बना देता है। यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह अवैध कारोबार और भी गहराई तक अपनी जड़ें जमा सकता है।

#### 100 से ज्यादा खातेदारों की जाँच का निर्देश मिला था :

रायपुर पुलिस मुख्यालय से कांकेर में म्यूट एकाउंट के लगभग 100 से ज्यादा खातेदारों की जाँच के लिए कांकेर पुलिस को निर्देश मिला था, उसी के तहत इस मामले में अभी तक दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। जाँच में पता चलने पर म्यूट एकांउट में शामिल चार आरोपियों एम. संदीप पिता एम. शंकर, उम्र 26 वर्ष, निवासी मरोवा थाना नेवई जिला दुर्ग, शिन बाघमारे पिता प्रवीण उम्र 25 वर्ष, निवासी सेक्टर-8 भिलाई जिला दुर्ग, सौरभ सिंह पिता अजय सिंह, उम्र 24 वर्ष, निवासी हाउसिंग बोर्ड, भिलाई थाना जामुल जिला दुर्ग को दबोचा गया। इनके पास से 10 मोबाईल को जप्त किया गया।

## मेड़ो विद्यालय में विद्यार्थियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा 2026



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़ो में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम का प्रसारण उत्साहपूर्वक देखा। प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

■ बढ़ा आत्मविश्वास और उत्साह

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन, तनाव नियंत्रण, महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने की रणनीति तथा पढ़े हुए विषयों को प्रभावी ढंग से याद रखने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और उपयोगी साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा को उत्सव की तरह लेने और बिना तनाव के आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच भी जरूरी है। विद्यार्थियों ने उनके संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों की सहभागिता, सही करियर चयन और शिक्षकों के निरंतर कौशल विकास पर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं, जिससे वे बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। इस अवसर पर शिक्षक मेघनाथ कांगे, जगन प्रसाद नरेटी, मधुलता चंद्राकर, अनिल साहू, भागीरथी बोगा, राजमाला देवनाथ, शारदा सिन्हा, डोमेश्वर साहू, नितेश चंद्राकर, मेर सिंह कोमरा, नंदू दुग्गा, आकाश यदु, खमेश्वर गावड़े सहित समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल के मेधावी छात्रों का सम्मान नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे जिले में गौरव का परचम लहराया है। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 में लगातार दूसरी बार जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 17 मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में बीआरसी कार्यालय परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर, मिठाई खिलाकर और तालियों की गूंज के बीच सम्मानित किया गया। पूरे समारोह में उत्साह, गर्व और प्रेरणा का वातावरण बना रहा। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि दुर्गुकोंदल लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष नवोदय में 17 विद्यार्थियों का चयन हुआ, वहीं पिछले वर्ष एनएमएमएसई में 137 विद्यार्थियों का चयन, एकलव्य प्रवेश परीक्षा में 84 सफलता तथा हाल ही में जेईई मेन्स में 9 विद्यार्थियों का चयन एडवांस परीक्षा के लिए हुआ है। इससे स्पष्ट है कि यह क्षेत्र तेजी से शिक्षा का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने कहा कि जब मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन एक साथ होता है, तो सफलता इतिहास बन जाती है।

उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धि को पूरे जिले के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका की सराहना की। विशिष्ट अतिथि जिला मिशन समन्वयक डीएमसी नवनीत पटेल ने चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कहा कि दुर्गूकोंदल का प्रथम स्थान इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी सही दिशा और अवसर मिलने पर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। इस अवसर पर चयनित विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं स्टेशनरी सामग्री देकर सम्मानित किया गया और साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन अन्य विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान एपीसी दिनेश कुमार नाग एवं पंकज श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने बताया कि अतिरिक्त कक्षाओं, नियमित अभ्यास और व्यक्तिगत मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को इस सफलता के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम के दौरान भावुक क्षण तब आया जब सम्मानित होते बच्चों को देखकर अभिभावकों की आंखें खुशी से भर आईं और पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा।

### पुलिस ने मौत के मामले की जाँच की दुर्घटनावश कैंची लगने से हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कापसी में घरेलू विवाद ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया, जहां नशे की हालत में पिता द्वारा की गई मारपीट के दौरान नाबालिग बेटी के हाथ में पकड़ी कैंची लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच में घटना को दुर्घटनावश मानने की संभावना जताई गई है। जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को ग्राम कापसी निवासी 42 वर्षीय शंकर लाल जैन शराब के नशे में अपने घर पहुंचे। उस समय उनकी नाबालिग बेटी भूमिका जैन घर में सिलाई के लिए कपड़ा काट रही थी। इसी दौरान पिता ने बेटी को खेत जाने के लिए कहा, लेकिन मना करने पर वह गुस्से में आकर मारपीट करने लगे। स्थिति तब बिगड़ गई जब शंकर लाल ने बेटी के बाल पकड़कर उसका सिर दीवार में पटकना शुरू कर दिया। मारपीट से बचने के प्रयास में भूमिका ने हाथ छुड़ाने के लिए झटका दिया, जिससे उसके हाथ में मौजूद लोहे की कैंची शंकर लाल के सीने में जा लगी। गंभीर रूप से घायल शंकर लाल जमीन पर गिर पड़े और खून बहने लगा। परिजनों द्वारा तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराया गया। डॉक्टरों ने अत्यधिक रक्तस्राव और अंदरूनी चोटों को मौत का कारण बताया है। क्योरी रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति को दुर्घटनात्मक होने की संभावना व्यक्त की गई है।

## भानुप्रतापपुर में लकड़ी तस्कर सिंडिकेट फूटा, कर्मचारियों की मिलीभगत से सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर के दुर्गुकोंदल परिक्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने जंगल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो-वीडियो में कथित रूप से वन विभाग से जुड़े कुछ कर्मचारियों और बाहरी ठेकेदारों के बीच अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन को लेकर सौदेबाजी का खुलासा हुआ है। वायरल ऑडियो-वीडियो के आधार पर दावा किया जा रहा है कि लकड़ी से भरी गाड़ियों को सुरक्षित पार कराने के लिए तयशुदा रकम ली जाती थी। सूत्रों के अनुसार यह राशि करीब 25 हजार रुपए प्रति वाहन तक तय की गई थी। इस कथित लेन-देन ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है।

■ लकड़ी भरी गाड़ियों को सुरक्षित पार कराने के लिए तयशुदा रकम ली जाती थी

जानकारी के मुताबिक दुर्गुकोंदल वन कार्यालय में पदस्थ एक कंप्यूटर ऑपरेटर इस पूरे नेटवर्क की अहम कड़ी के रूप में सामने आया है। आरोप है कि भानुप्रतापपुर के एक होटल में दल्ली राजहरा बालोद क्षेत्र के ठेकेदारों के साथ गुप्त बैठक कर अवैध कटाई और परिवहन की योजना बनाई गई। इस दौरान कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर तस्करी को वैध रूप देने का आश्वासन भी दिया गया। तस्करी का यह खेल बेहद सुनियोजित तरीके से संचालित होने का आरोप है। पहले किसानों के नाम पर लकड़ी का फर्जी स्वामित्व तैयार किया जाता, फिर उसी के आधार पर जंगलों से कीमती पेड़ों की कटाई की जाती। दस्तावेजों में हेरफेर कर लकड़ी को वैध दिखाया जाता, जिससे परिवहन के दौरान कोई बाधा न आए। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि कभी कोई गाड़ी पकड़ी भी जाती है, तो ऊपरी दबाव के चलते उसे छोड़ दिया जाता है। इससे तस्करों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और जंगलों का तेजी से दोहन हो रहा है। मामले में सबसे चिंताजनक बात यह है कि एक निचले स्तर का कर्मचारी खुलेआम इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त बताया जा रहा है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि मामला केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर संगठित भ्रष्टाचार भी हो सकता है। इस पूरे घटनाक्रम ने वन विभाग की निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



मामले के सामने आने के बाद वनमंडल भानुप्रतापपुर के डीएफओ ऋषभ जैन ने कहा कि वायरल ऑडियो-वीडियो उनके संज्ञान में आया है और पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का भरोसा भी दिया गया है। मामले के बाद क्षेत्र की जनता की नजरें अब प्रशासन पर टिकी हैं। लोगों का कहना है कि यदि इस बार भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो जंगलों की सुरक्षा और सरकारी तंत्र की विश्वसनीयता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लग जाएगा।

### निधन

#### जुगोतीन बाई



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दूर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कराकी निवासी जुगोतीन बाई कोवाची का बीती रात को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कराकी में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार शामिल हुए।

## जूपिटर हायर सेकंडरी की सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम रही शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जूपिटर वर्ल्ड पब्लिक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल महुरबंदपारा ने इस वर्ष कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर उत्कृष्टता की नई मिसाल पेश की है। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।



स्कूल के कक्षा 10वीं में राहुल धाकड़े ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रिया सिन्हा 93.16 प्रतिशत द्वितीय और हर्षिता सलाम 91.16 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहीं। अन्य विद्यार्थियों नोबिता साहि 87 प्रतिशत , जिज्ञासा चंद्रोल 85.5 प्रतिशत, सुनीधि साहू 85.16 प्रतिशत, राशी पटेल 82.33 प्रतिशत, शैलि बघेल 80.83 प्रतिशत सहित कई छात्रों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में रोहन कुमार यादव ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समृद्धि ठाकुर 88.6 प्रतिशत द्वितीय और तुलिका साहू 88.2 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा पायल विश्वकर्मा 87.4 प्रतिशत, रोशन साहू 85.6 प्रतिशत, कृष मंडावी 83.8 प्रतिशत, अनुज श्रीवास्तव 83.4 प्रतिशत सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय ने कक्षा 5वीं और 8वीं में भी 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। कक्षा 5वीं में जिज्ञासा साहू ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंजल शोरी 98 प्रतिशत, होमिका देवांगन, खुशी यादव, सनाया जैन सभी 97 प्रतिशत सहित कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 8वीं में दीपांजलि साहू ने 97 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुनंदा ताराम 96 प्रतिशत, रश्मि मंडावी 95 प्रतिशत, दीप्ति यादव 94 प्रतिशत सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411